# धरातल पर उतरा 80 हजार करोड़ का निवेश, 148 इकाइयां शुरू

## 1.87 लाख से अधिक लोगों को मिला रोजगार

रणजीत मिश्रा

**नोएडा।** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) में समझौता हस्ताक्षर करने के बाद जिले में करीब 80222 करोड़ रुपये का निवेश धरातल पर उतर आया है। तकरीबन 148 नई इकाइयों में कामकाज शुरू हो चुका है।

इन इकाइयों में 187189 लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा हुए हैं। आने वाले दिनों में जीबीसी में समझौता करने वाली अन्य इकाइयों के लिए क्रियाशील होने की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे हजारों, लाखों लोगों को रोजगार मिलेंगे।

प्रदेश सरकार गौतमबुद्ध नगर में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। पूर्व में हुए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में कुल 1930 समझौते पत्र पर विभिन्न निवेशकों ने हस्ताक्षर कर औद्योगिक इकाइयां शुरू करने को लेकर अपनी सहमति दी थी।

इनमें से गौतमबुद्ध नगर में निवेश करने की चाह रखने वाले करीब 466 निवेशकों को प्राथमिकता में रखा गया था। मौजूदा समय तक ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले 148 निवेशकों ने करीब 80222 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न औद्योगिक इकाइयों को क्रियाशील कर उत्पादन शुरू कर दिया है। हालांकि अभी तक निवेशकों की एक बड़ी संख्या जिले में औद्योगिक इकाइयां शुरू नहीं कर सकी है। जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र के अधिकारियों का दावा है कि 80222 करोड़ रुपये के निवेश से जिले में करीब 187189 लाख लोगों को रोजगार मिला है। अभी भी करीब 318 निवेशकों ने अपने निवेश को धरातल पर नहीं उतारा है।

### शुरु होने वाली कुछ बड़ी इकाइयां

| इकाई के नाम | रोजगार की संख्या |
|---|---|
| रिचा ग्लोबल एक्सपोर्ट्स प्रा.लि. | 4000 |
| एनआईडीपी डेवलपर्स | 30000 |
| महागुण इंफ्राटेक | 1800 |
| थीमकंट्री प्राइवेट लिमिटेड | 2000 |
| रोजबैरी इस्टेट | 2000 |
| होम एंड सोल इंफ्राटेक | 1400 |
| एडवर्ब टेक्नोलॉजी | 2000 |
| उर्वसी इंफ्राटेक | 20000 |
| डिक्सन टेक्नोलॉजी | 3500 |
| मराल ओवरसीज | 1500 |
| हायर एप्लायंस | 2713 |
| जेट टाउन इंडिया | 12500 |

" जीबीसी में समझौते के बाद करीब 80222 करोड़ रुपये का निवेश 148 इकाइयों के माध्यम से धरातल उतर चुका है। बाकी की इकाइयों को भी क्रियाशील कराने का प्रयास चल रहा है। जल्द ही इन इकाइयों में भी उत्पादन शुरू होगा व रोजगार के मौके पैदा होंगे।

**- अनिल कुमार, उपायुक्त उद्योग**